# विद्यालय प्रबंध समिति का एजेंडा एवं बैठक कार्यवृत्त माह – अक्टूबर , 2025 , सत्र -2025 -26

**विद्यालय का नाम -** ________________ **स्कूल कोड -** ________

For samples RAJKUMAR

**बैठक का विषय –**
**एस.एम.सी. मासिक बैठक**
**एजेंडा S.M.C. बैठक एजेंडा**
**एजेंडा की तिथि - 29/09/2025 सोमवार**

**प्रस्ताव /कार्ययोजना**
**सेवा में**
**विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष,उपाध्यक्ष ,सदस्यगण .ग्राम प्रधान एवं अभिभावकगण आप सभी को सादर अवगत कराना है कि दिनांक - 03/10/2025 दिन – शुक्रवार को समय 12:30 से 1:30 बजे तक विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा | अतः आप सभी लोगों की उपस्थिति प्रार्थनीय है ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें**
**धन्यवाद**
**सूचना का माध्यम मोबाइल फोन द्वारा ,बच्चों द्वारा ,रसोइया द्वारा ,स्वयं के सम्पर्क द्वारा**

## कार्यक्रम का आयोजन -

- बैठक में अभिभावकों के बैठने हेतु कुर्सियों आदि की व्यवस्था विद्यालय स्तर से सुनिश्चित की गई।
बैठक में विद्यालय के समस्त अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।
- बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का नाम, पता एवं मोबाइल नं० बैठक पंजिका में अंकित किया गया।
- बैठक में चर्चा के दौरान दो तरफा संचार (Two way communication) अर्थात् अभिभावकों को भी अपना मत रखने का अवसर प्रदान किया गया

### बैठक कार्यवृत्त –

महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश के क्रम में आज दिनांक – 03/10/2025 दिन – शुक्रवार को विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री/श्रीमती -------------------------------------------------------------------------- की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आहूत की गयी | नियम के अनुसार बैठक का कोरम पूरा है | आज की बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा की गई और एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं विद्यालय में निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी |

**1 -नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पर चर्चा** –शैक्षिणिक सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को 11.30 से दोपर 01.30 तक आयोजित की जाएगी | परीक्षा में दिव्यांग छात्रों के लिए अतिरिक्त 40 मिनट का समय दिया जाता है | जिन बच्चों ने आवेदन किया है वे समस्त अभिभावक प्रवेश परीक्षा से सम्बंधित पुस्तके आदि उपलब्ध करा दें ताकि विद्यालय में उनको परीक्षा की तैयारी कराई जा सके |

**2- विद्या ज्ञान प्रवेश आवेदन पत्र पर चर्चा** - शैक्षिणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्या ज्ञान प्रवेश के लिए आनलाइन पंजीकरण 25 अक्टूबर 2025 तक खुला है| कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आनलाइन पंजीकरण अति शीघ्र करा दें | यह एक निशुल्क आवासीय शिक्षा कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा है |

**3 - संचारी रोग नियंत्रण (05 से 31 अक्टूबर 2025 ) एवं दस्तक अभियान** मुख्य सचिव उ०प्र० संख्या-898/पांच-5-2025 चिकित्सा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 16 सितम्बर 2025 के द्वारा वेक्टर जनित रोगों संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं मे से है। वर्ष 2025 मे माह अप्रैल तथा जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियानों का आयोजन सभी जनपदों मे हो चुका है इन अभियानों के वर्ष 2025 के तृतीय चरण की गतिविधियां विस्तृत कार्ययोजना बनाकर माह अक्टूबर 2025 मे सम्पादित की जायेंगी (संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 05 से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान दिनांक 11 से 31 अक्टूबर 2025) के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना से सम्बन्धित सामान्य दिशा-निर्देश जनपदों हेतु गतिविधियों की समय-सारणी / बैठक / प्रशिक्षण समय-सारणी तथा अन्य महत्वपूर्ण तिथियां विभिन्न विभागों के कार्यों एवं दायित्वों का निर्धारण तथा दिशा-निर्देश समस्त जनपदों में दस्तक अभियान हेतु दिशा-निर्देश उत्तरदायित्वों का निर्धारण तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रारम्भ हेतु विन्दु संख्या06 मे उल्लिखित शिक्षा विभाग की एवं उत्तरदायित्व निर्धारण के अनुक्रम मे चिन्हित गतिविधियां निम्नवत है-• स्कूलों में अध्यापकों द्वारा अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाये कि यूनीफार्म हेतु उपलब्ध करायी गयी धनराशि से पूरी बाजू की कमीज तथा फुल लेंथ की पैण्ट ही यूनीफार्म के रूप में छात्रों को उपलब्ध कराई जाये।• शिक्षकों द्वारा अभिभावकों का दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों जल जनित रोगों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु सवेदीकरण किया जाये विशेषकर सुरक्षित पीने का पानी शैचालय का प्रयोग खुले मे शौच के नुकसान पर जोर दें। हर बुखार खतरनाक हो सकता है। बुखार के कारण क्या है बुखार होने परक्या करें, क्या न करें के विषय में जागरूक करें।क्लोरीनेशन डेमो पेयजल को उबालना साबुन से हाथ धोना शौचालय का प्रयोग इत्यादि के विषय मे छात्रों एवं अभिभावकों को जागरूक करना।• स्कूल प्रबन्धन समिति के सदस्यों का उनके मासिक बैठक में दिमागी बुखार एवं अन्य बेक्टर जनित रोगों जल जनित रोगों पर सवेदीकरण करनापोस्टर प्रतियोगिता वाद-विवाद प्रतियोगिता क्विज प्रतिस्पर्धा निबंध लेखन इत्यादि माध्यमों से छात्रों को रोगों से बचाव पर्यावरणीय स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय मे सक्रिय सहभागिता के साथ जागरूक करना शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये गतिविधि कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन। दिमागी बुखार एवं अन्य वैक्टर जनित रोगों जल जनित रोगों तथा एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) से बचाव सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री को स्कूल मे प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना।• छात्रों की गतिविधियों में उनके अभिभावकों की भी सहभागिता सुनिश्चित करनें हेतु इस अभियान हेतु छात्रोंको दिये गये असाइनमेंट्स यथा पोस्टर निबंध इत्यादि पर अभिभावकों से भी दो पंक्तियों की टिप्पणी लिखने का आग्रह किया जाये।• अध्यापको द्वारा अभिभावकों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाये कि यूनीफार्म हेतु उपलब्ध करायी गयी धनराशि से पूरी बाजू की कमीज तथा फुल लेंथ की पैण्ट ही यूनिफॉर्म के रूप मे छात्रों को उपलब्ध कराई जाए।• शिक्षक दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों जल जनित रोगो से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु अभिभावकों को संवेदीकृत करेंगे तथा सुरक्षित पीने का पानी शैचालय का प्रयोग खुले में शौच के नुकसान पर जोर देंगे तथा हर बुखार खतरनाक हो सकता है बुखार के कारण क्या है बुखार होने पर क्या करें, क्या न करें के विषय मे विस्तार से चर्चा करेंगे। दिमागी बुखार एवं अन्य बैक्टर जनित रोगों जल जनित रोगों तथा एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) से बचाव सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना।

**बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर**

| | | |
|---|---|---|
| **बैठक के प्रमुख निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा होनी है**<br>1 -नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पर चर्चा<br>2- विद्या ज्ञान प्रवेश आवेदन पत्र पर चर्चा<br>3 - संचारी रोग नियंत्रण )05 से 31 अक्टूबर 2025 ) एवं दस्तक<br>4 - कम्पोजिट ग्रान्ट के उपभोग पर चर्चा<br>5 -इको क्लब के गठन के सम्बन्ध में चर्चा<br>6 - स्वच्छता पखवाड़ा मनाए जाने के संबंध में चर्चा<br>7-आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुबिधाओं की जानकारी एवं चर्चा<br>8- डीबीटी पर चर्चा<br>- 9विद्यालय की रंगाई पुताई और पेंटिंग के कार्य पर चर्चा<br>एवं चर्चा के अन्य बिन्दु | **4 - कम्पोजिट ग्रान्ट के उपभोग पर चर्चा** – सत्र 2025-26 में आने वाली कम्पोजिट ग्रान्ट के उपभोग के लिए पहले से ही सचिव के द्वारा कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा जो आवश्यक कार्य हैं उनको प्रथम वरीयता में रखा गया है कुछ आवश्यक कार्य कराये भी जा रहे हैं \| जिसका भुगतान समिति के अनुमोदनोपरांत वेंडर के खाते में करा दिया जायेगा \|<br>**5 -इको क्लब के गठन के सम्बन्ध में चर्चा** - पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों में इको क्लब (ECO club in SCHOOL )का गठन किया जाना है इसके तहत पेड़ लगाना ,स्वच्छता ,अभियान प्राकृतिक संरक्षण, बागवानी के प्रति बच्चों को जोड़ा जाएगा एक पेड़ माँ के नाम छात्रों को एक दूसरे के साथ सहयोग करने और अधिक से अधिक सीखने का मौका प्रदान करता है इसे अपने विद्यालय के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सक्रियता का माध्यम बनाता है \| इको क्लब के उद्देश्य- यह छात्रों का एक समूह होता है जो पर्यावरण के संरक्षण के लिए जागरूकता लाने समस्याओं को चिन्हित कर उनके निदान हेतु गतिविधियों में अपनी भागीदारी करते हैं एक क्लब के गठन के अंतर निहित उद्देश्यों में बच्चों को प्रकृति और पर्यावरण के बीच ले जाना और पर्यावरण को कक्षा में पठन-पाठन पाठ्यक्रम और गतिविधियों में शामिल करना प्रमुख है विद्यालय में इको क्लब पर्यावरण शिक्षा गतिविधियों का केंद्र होता है जो इको क्लब के सदस्यों छात्रों में उनके समझ और कौशल को बढ़ाकर उन्हें अपने आसपास के पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाताहै \|इसके सम्बन्ध में भी अभिभावकों को विस्तार से अवगत कराया आज की<br>बैठक में<br>**6 - स्वच्छता पखवाड़ा मनाए जाने के संबंध में चर्चा** - विद्यालय के शिक्षकों और प्रशासन द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की जाएं सभी प्रकार की अपशिष्ट सामग्री जैसे स्वच्छता अपशिष्ट प्रयुक्त और निपटाए गए मास्क टूटा हुआ फर्नीचर उपयोगी उपकरण खराब वाहन आदि को विद्यालयों शिक्षाण संस्थानों के परिसर से में नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी तरह से हटा दिए जाएं\| विद्यालय में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए\| शिक्षकों और छात्रों को स्थानीय प्रतिनिधि के सहयोग से परिवार के सदस्यों तथा समुदाय के नागरिकों को बीच स्वच्छता पखवाड़ा विषय पर प्रचार प्रसार किया जाए \| अक्सर उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की दैनिक सफाई और कीटाणु शोधन किया जाए \|<br>**7-आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुबिधाओं की जानकारी एवं चर्चा**- आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुबिधाओं की जानकारी कार्यक्रम विद्यालय को 19 विन्दुओं में जो अवशेष कार्य पड़े हैं उनको पंचायत स्तर से पूर्ण कराया जाय जिससे छात्र/छात्राओं का विद्यालय के प्रति रूचि विकसित हो सके \|-<br>**8- डीबीटी पर चर्चा** - पिछले सत्र की भांति इस सत्र में भी बच्चों को डीबीटी के तहत 1200 की धनराशि आप समस्त अभिभावकों के खतों में आने हैं है जिन अभिभावकों के आधार कार्ड खातों में लगे हुए हैं वाह खाते बैंक में सीडेड होना अनिवार्य है \| कोई भी खाता बंद नहीं होना चाहिए वह आधार से जुडा होना चाहिए ताकि विभाग के द्वारा 1200 धनराशि जारी की जाएगी वह आपके खातों में आ सके इसलिए खातों की समय-समय पर केवाईसी कराते रहें और खाते एक्टिव मोड में रखें \|समस्त बस्च्चों के आधार के माध्यम से इसके साथ ही कुछ अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई<br>**9 - विद्यालय की रंगाई पुताई और पेंटिंग के कार्य पर चर्चा** – वर्ष -2025 -26 के लिए कंपोजिट ग्रान्ट 50 % खाते में आ चुकी है शेष धनराशि आते ही समिति से प्रस्ताव पास कर / अनुमोदनोप्रांत आवश्यककार्य रंगाई पुताई और पेंटिंग सहित अन्य आवश्यक कार्यों को कराया जायेगा \|यह जानकारी सचिव के द्वारा आज की बैठक में दी गई \|<br>**10 -चर्चा के अन्य विन्दु –**<br>**निपुण भारत पर चर्चा , मीना मंच पर चर्चा , , जन्म प्रमाण पत्र / आधार कार्ड के बनवाने पर चर्चा , फायलेरिया उन्मूलन पर चर्चा , बच्चो की उपस्थिति एवं ठहराव पर चर्चा, मिडेमील में मेनू के अनुसार भोजन की समीक्षा आदि पर चर्चा की गयी \|**<br><br>**इसके साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आज की बैठक में उपस्थित हुए सभी बच्चों के माता/पिता/ अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित कर माह की अगली बैठक हेतु पुनः बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह कर आज की बैठक कार्यवाही का समापन किया गया \|**<br>**धन्यवाद !** RAJ KUMAR AURAIYA - 9760712529 | |